प्रेस-नोट

सराहनीय कार्य

थाना साइबर क्राइम/ सेल, जनपद झाँसी

दिनांक - 27.02.2026

कृपया अवगत कराना है कि साइबर सम्बन्धी बढ़ते अपराधों की रोकथाम एवं बचाव हेतु श्रीमान् पुलिस महानिदेशक, साइबर उ०प्र० लखनऊ, श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि एवं श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी, श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी, श्रीमती प्रीति सिंह व क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम झाँसी, श्री पीयूष कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में थाना साइबर क्राइम जनपद झाँसी द्वारा पीड़ित की ठगी गई धनराशि वापस कराने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

1. साइबर सेल झाँसी/थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मु0अ0सं0 23/2025 धारा 318(4) बी०एन०एस० एवं 66(D) आई०टी० एक्ट से संबंधित प्रकरण में वादी श्री नितिन अग्रवाल पुत्र श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी 226 सी०पी० मिशन कम्पाउण्ड, थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की घटना घटित हुई थी, जिसमें छलपूर्वक उनकी धनराशि विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई थी।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए साइबर सेल टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर संबंधित बैंकों/एजेंसियों से त्वरित समन्वय स्थापित किया गया। परिणामस्वरूप होल्ड कराई गई धनराशि में से आज दिनांक 27.02.2026 को ₹50,000/- (पचास हजार रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक वादी के बैंक खाते में वापस कराई गई।

2. थाना साइबर क्राइम/सेल पर पंजीकृत मु०अ०सं० 34/2024, धारा 318(4) बी०एन०एस० एवं 66(D) आई०टी० एक्ट से संबंधित प्रकरण में वादी श्री सुरेन्द्र कुमार दुबे पुत्र श्री केदार दुबे, निवासी 1744/2 खाती बाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी के साथ ऑनलाइन फ्रॉड की घटना घटित हुई थी, जिसमें धोखाधड़ी कर उनकी धनराशि विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई थी।

प्रकरण में साइबर सेल झाँसी द्वारा त्वरित तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंकों/एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। तत्पश्चात होल्ड कराई गई धनराशि में से आज दिनांक 27.02.2026 को ₹20,000/- (बीस हजार रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक वादी के बैंक खाते में वापस कराई गई।

अपनी आंशिक रूप से वापस प्राप्त धनराशि पाकर पीड़ित द्वारा झाँसी पुलिस एवं साइबर सेल टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

सोशल मीडिया सेल-
जनपद झाँसी